तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 19 सितंबर 2024

12 धनेली में युवा राज मिस्त्री मजदूर संघ ने मनाई विश्वकर्मा …



10 डॉक्टर व कर्मचारियों से मारपीट, एक दिन हड़ताल …





## खबर संक्षेप

### कलेक्टोरेट परिसर में किया गया पौधारोपण



**बालोद।** वन महोत्सव के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद में सघन पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक एसआर भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, सहित अधिकारी, कर्मचारियों एवं स्कूली विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने अधिकारी–कर्मचारी एवं उपस्थित लोगों को संपूर्ण जीव–जगत एवं पारिस्थितिक तंत्र की रक्षा के लिए पेड़–पौधों की महत्ता की जानकारी देते हुए सभी लोगों को अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनके सुरक्षा के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर चन्द्रवाल ने स्कूली विद्यार्थियों के साथ फोटोग्राफी कराकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उपस्थित जनों ने पौधारोपण कर रोपे गए पौधों का देखभाल का संकल्प लिया।

### बारिश के कारण ढह गया मकान



**डौंडीलोहारा।** विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम रेंघई निवासी प्रीतम साहू का मकान कच्ची मिट्टी का होने से बारिश में ढह गया। वहीं, मकान क्षतिग्रस्त होने से उसके मलबे में साइकिल व अन्य सामान दब जाने से आर्थिक नुकसान हुआ है। घटना मंगलवार रात 11.30 बजे की बताई जा रही है। हालांकि, इसमें किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। पास में बंधी हुई गाय बाल-बाल बची। आर्थिक स्थिति से कमजोर प्रीतम साहू शासन प्रशासन से प्रधानमंत्री आवास की मांग बहुत समय से करते आ रहा है, परन्तु अब तक स्वीकृति नहीं मिल पा रही है। इस बीच उसका मकान ढह जाने से उसके रहने की समस्या आ गई है।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा कल

**बालोद।** जिला पंचायत की सामान्य सभा बैठक 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से जिला पंचायत बालोद के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में विभागवार कार्यों की समीक्षा की जाएगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने बैठक में सर्व संबंधितो को निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर उपस्थित होने को कहा है।

### अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए दिया जा रहा निःशुल्क प्रशिक्षण

**बालोद।** जिला प्रशासन द्वारा अग्निवीर थलसेना भर्ती के लिए निःशुल्क दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भारतीय अग्निवीर थलसेना भर्ती अंतर्गत लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी निःशुल्क दक्षता प्रशिक्षण का लाभ प्रतिदिन सरयु प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम बालोद में सुबह 06 बजे से 08 बजे तक ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि पीटीआई शिक्षक सुरेश प्रसाद शांडिल्य से संपर्क कर दक्षता प्रशिक्षण के संबंध में अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### मवेशी तस्करी करने वाला युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** मवेशी तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी ने बताया कि मवेशी 5 नग भैंस को अवैध रूप से परिवहन कर कत्ल खाना ले जाते हुए युवक को पकड़ा गया।

# बस स्टैंड के पास स्थित बाजार के दुकानदारों पर मंडरा रहा रोजी-रोटी का संकट

## ग्राम पंचायत ने दुकानों को तोड़कर यात्री प्रतीक्षालय बनाने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम पंचायत कलंगपुर बस स्टैंड के बाजार स्थल पर बीते 35–40 वर्षों से पान ठेला, होटल, फल दुकान, सेलून, टेलर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स की छोटी-छोटी दुकानें लगाकर अपना जीवन-यापन चला रहे दुकानदारों पर अब रोजी-रोटी का संकट गहरा गया है।

ग्राम पंचायत द्वारा इन दुकानों को तोड़ कर उसकी जगह यात्री प्रतिक्षालय बनाने का निर्णय लिया गया है। दुकानदारों ने इस विकासकार्य का स्वागत किया है, साथ ही अपने लिए व्यवस्थापन की मांग की है, ताकि उन्हें बेराजगार न होना पड़े और उनकी रोजी-रोटी चलती रहे। रविवार को ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों एवं दुकानदारों के बीच आपसी सामंजस्य बनाने के लिए पंचायत भवन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में सरपंच पुष्पा गोविन्द सिन्हा एवं सचिव प्रवीण चंद गेण्डे ने दुकानदारों को बताया कि बाजार स्थल के पास की सभी छोटे दुकानों को तोड़ कर वहां पर यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाएगा।

इसके साथ ही स्कूल किनारे की जिन दुकानों को दो माह पहले कॉम्प्लेक्स बनवाने के लिए तोड़ दिया गया है, वहां 7 दुकानें बनाई जाएंगी। उन दुकानों का आवंटन दुकानदारों को किया जाएगा। इस पर दुकानदारों ने कहा कि बाजार स्थल पर कुल 12 छोटी–छोटी दुकानें संचालित हैं, लेकिन काम्प्लेक्स में केवल 7 दुकानें ही ▶▶| शेष पेज 10 पर

**खास बातें**

- पंचायत ने कहा कॉम्प्लेक्स में 7 दुकानें बनाकर दी जाएंगी
- बाकी दुकानदारों का क्या हो, इसका जवाब नहीं दे रहे जिम्मेदार



### सभी दुकानदारों को दुकानें देने की मांग की

दुकानदार अब इस बात को लेकर चिंतित हैं कि पंचायत के मुताबिक 7 लोगों को दुकानें आवंटित की जाएंगी, लेकिन बाकी दुकानदारों को जगह न मिलने से वे बेघर हो सकते हैं। पंचायत के इस निर्णय से आक्रोशित दुकानदारों ने कहा कि यदि बाजार स्थल के सभी 12–15 दुकानों को तोड़ा जाता है तो सभी दुकानदारों को काम्प्लेक्स बनाकर दें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि डेढ़ माह बाद दीपावली का त्योहार है। यदि दीपावली से पहले दुकान तोड़ देंगे तो व्यवसाय पर बहुत ज्यादा बुरा असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पंचायत काम्प्लेक्स बनाते तक हमें दुकान संचालित करने के लिए तुरंत अन्य जगह व्यवस्थापन दे तभी पंचायत के साथ सामंजस्य बनाया जा सकता है।

## बीते दो माह की राशि नहीं मिलने से परेशान संचालकों ने दी हड़ताल पर जाने की चेतावनी

# जिले के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन पर संकट संचालक समूहों ने दिया तीन दिन का समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों को मिलने वाले मध्यान्ह भोजन पर संकट के बादल गहरा रहे हैं। आने वाले तीन दिनों में यह स्पष्ट हो पाएगा कि योजना जारी रहेगी या इस पर विराम लग जाएगा। दरअसल मध्यान्ह भोजन संचालकों को बीते दो माह की बकाया राशि नहीं मिली है। इसके लिए मध्याह्न भोजन संचालित करने वाले स्व सहायता समूहों ने प्रशासन को राशि देने के लिए तीन दिन का अल्टीमेटम दिया है। इसके साथ ही कहा है कि यदि तीन दिनों के भीतर दो माह की बकाया राशि नहीं मिली, तो वे काम बंद कर हड़ताल पर चले जाएंगे। इस संबंध में समूह के सदस्यों ने कलेक्टर को लिखित शिकायत पत्र सौंपा है। उन्होंने कहा है कि आगामी शनिवार 21 सितम्बर तक अगर संचालकों को बीते दो माह जुलाई और अगस्त की राशि नहीं मिली, तो सोमवार से जिले भर के मध्याह्न भोजन संचालित करने वाले समूह हड़ताल पर चले जाएंगे।

### कलेक्टर से मुलाकात कर सौंपा शिकायत व मांग पत्र



### अधिकारियों से कई बार किया आग्रह, किसी ने नहीं दिया ध्यान

मंगलवार को कलेक्टर के समक्ष आवेदन सौंपने पहुंचे संचालकों ने कहा कि विभागीय अधिकारियों को कई बार राशि दिलाने की बात को कह चुके हैं, लेकिन अभी तक किसी ने ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि अब सिर्फ शनिवार तक यानि कि तीन दिनों तक और इंतजार करेंगे। इस दौरान यदि राशि नहीं मिली, तो सोमवार से हड़ताल पर चले जाएंगे और जब तक राशि नहीं मिल जाती, तब तक किसी भी स्कूल में मध्याह्न भोजन नहीं बनेगा।

### संचालकों पर चढ़ गया कर्ज

संचालकों ने बताया कि जुलाई और अगस्त माह की राशि उन्हें नहीं मिली है और अब सितम्बर माह बीतने में भी केवल कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। उन्होंने कहा कि वे लाखों रुपये कर्ज लेकर मध्याह्न भोजन के लिए राशन सामग्री स्कूलों तक पहुंचा चुके हैं। ऐसे में समय रहते उन्हें राशि नहीं मिलने से संचालकों को राशन सामग्री लेने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, बढ़ते कर्ज के कारण वे अपने परिवार का पालन-पोषण भी सही तरीके से नहीं कर पा रहे हैं।

**शासन स्तर पर रूकी है राशि**

मध्याह्न भोजन संचालकों को जून माह तक की राशि प्राप्त हो चुकी है। जुलाई और अगस्त माह की राशि शासन स्तर पर रुका हुई है।

- **रवि यादव,** मध्याह्न भोजन जिला प्रभारी

# विसर्जन शोभायात्रा में डीजे की अनुमति मांगने कलेक्टोरेट पहुंचे समिति सदस्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बुधवार को शहर के लगभग 20 गणेश उत्सव समिति के सैकड़ों सदस्य कलेक्टोरेट परिसर में धरना प्रदर्शन करने पहुंच गए। गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने विसर्जन शोभायात्रा के दौरान डीजे साउंड सिस्टम लगाने की अनुमति देने की मांग की।

- कलेक्टर के साथ दो घंटे हुई बातचीत, कलेक्टर ने कोर्ट के निर्देश का दिया हवाला

इस पूरे मामले में समिति सदस्यों की कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल के साथ करीब 2 घंटे तक बातचीत हुई। इस पर कलेक्टर ने कोर्ट के निर्देशानुसार डीजे साउंड सिस्टम लगाने की अनुमति नहीं देने की बात कही। हालांकि समिति के सदस्यों का कहना है कि डीजे सिस्टम कम सेटप में और कम आवाज में बजाने पर सहमति हुई है, लेकिन इस मामले में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन के कोई भी अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं। समिति के सदस्यों ने बताया कि 20 सितंबर को शहर में धूमधाम से भगवान गणेश की प्रतिमाओं की विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी और रात करीब 2 से 3 बजे तक विसर्जन किया जाएगा।

**नियमों के उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**

कोर्ट के आदेश का पालन किया जाएगा। नियमों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों का उल्लंघन होने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

- **रविशंकर पांडेय, थाना प्रभारी।**

# घर पहुंचाने के बजाए रास्ते में गाड़ी खड़ी कर सो गया चालक, दो घंटे बिलखते रहे बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय में संचालित होरिजॉन इंग्लिश मिडियम अकेडमी स्कूल के वाहन चालक की भीड़ ने जमकर धुनाई कर दी। शराब के नशे में धुत ड्राइवर स्कूल से बच्चों को घर जाने निकला, लेकिन सीधे घर छोड़ने की बजाय झलमला चौक पर स्कूली बच्चों को गाड़ी में बंद कर सो गया। लगभग 2 घण्टे तक गाड़ी में बंद बच्चों का रो रो कर बुरा हाल हो गया था।

- स्कूल वाहन चालक की लापरवाही से अटकी रही पालकों की सांसें

मिली जानकारी के अनुसार बालोद में संचालित निजी स्कूल होरिजॉन इंग्लिश मिडिया अकेडमी का स्कूल वाहन चालक दोपहर को स्कूल से छुट्टी ▶▶| शेष पेज 10 पर



### स्कूल प्रबंधन ने काम से निकाला

इस पूरे मामले में स्कूल संचालक रघुनाथ सागर ने कहा कि रोज की तरह ड्राइवर बच्चों को स्कूल से उनके घर छोड़ने जाते हैं। आज दोपहर से उसका मोबाइल बंद बताया। दो बच्चे जो उस गाड़ी में बैठे थे, उनके पालकों ने मुझे फोन किया, तब घटना की जानकारी हुई। ग्राम झलमला चौक के पास लोगों ने ड्राइवर को पकड़ कर रखा था। मैं जब वहां पहुंचा तो ड्राइवर को चेतावनी देते हुए फटकार लगाई। उसे काम से निकाल दिया गया है।

### बच्चों के रोने की आवाज सुनकर पहुंचे दुकानदार

इस बीच झलमला चौक पर लगभग दो घंटे तक स्कूल वाहन चालक गाड़ी को बंद कर गाड़ी में सो रहा था, जहाँ से दो स्कूली बच्चों के रोने की आवाज सुनकर दुकानदारों ने गाड़ी में देखा तो ड्राइवर नशे में धुत सो रहा था। उसके बाद भीड़ ने ड्राइवर की लापरवाही को देख जमकर धुनाई कर दी, वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद सैकड़ों लोगों की भीड़ झलमला नाली के पास इक्कठा हो गई, वहीं दोनों स्कूली बच्चों को गाड़ी से निकाल परिजनों को इसकी जानकारी दी गई, तब परिजनों को राहत मिली। परिजन पिला बाई मंडावी ने बताया कि उनका बच्चा केजी 2 में पढ़ाई करता है, जो रोजाना की तरह सुबह 9 बजे स्कूल गया था। वहीं दोपहर 2 बजे उसकी छुट्टी होती है, हम लोग बालोद के ▶▶| शेष पेज 10 पर

# कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय मंत्री रवनीत व शिवसेना विधायक संजय का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं महाराष्ट्र के भाजपानीत सरकार के शिवसेना विधायक संजय गायकवाड़ द्वारा अपशब्द कहे जाने का आरोप लगाते हुए, उसके विरोध में जिला कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया।

- लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल के अपमान का लगाया आरोप

कांग्रेस ने कहा जिस ढंग से केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी को आतंकवादी कहा एवं महाराष्ट्र के विधायक ने राहुल गांधी की जीभ काट कर लाने वाले को 11 लाख रुपए का इनाम देने की घोषणा की है, यह देश में कानून व्यवस्था की धज्जियां सरकार के ही लोगों द्वारा सरेआम उड़ाया जाना है। ऐसी घटना यह बताती है कि देश में कानून की नहीं, बल्कि गुंडे और मवालियों की सरकार चल रही है। नेता प्रतिपक्ष के खिलाफ ऐसी भड़काऊ बात करने वाले केंद्रीय मंत्री एवं शिवसेना के विधायक के खिलाफ अब तक आपराधिक कार्रवाई नहीं होने और उनकी गिरफ्तारी नहीं होने के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते हुए जिला के कांग्रेस जनों ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ का पुतला दहन किया। कांग्रेस ने दोनों नेताओं के खिलाफ तत्काल आपराधिक कार्रवाई करते गिरफ्तार करने की मांग की है। पुतला दहन कार्यक्रम में संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर, महामंत्री रतिराम कोसमा ▶▶| शेष पेज 10 पर



## फसल में कीट प्रकोप ने बढ़ाई किसानों की चिंता

# गन्ना फसल को कीट से बचाने ड्रोन से कर दवा का छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

क्षेत्र के गन्ना किसान गन्ने की फसल में हो रहे कीटों के कारण परेशानी हैं। इसके लिए किसान कीटनाशकों का सहारा ले रहे हैं। इस बार फसलों को बचाने के लिए गन्ना किसान ड्रोन के माध्यम से दवाई का छिड़काव खेतों में करवा रहे हैं, ताकि फसल सुरक्षित रह सके। मिली जानकारी के अनुसार गन्ने की फसल कटाई में अभी 3 माह बचा हुआ है। दिसंबर से गन्ने की कटाई प्रारंभ की जाती है। किंतु फसल कटाई के पहले इस तरह की बीमारी का प्रकोप हो जाने से गन्ना किसान अतिरिक्त लागत लगाकर फसलों को बचाने मजबूर हैं। वहीं, धन खर्च के साथ ही परेशानी भी उठानी पड़ रही है। इसलिए समय पर कीटनाशक का छिड़काव हो सके, इसके लिए अधिकांश किसानों ड्रोन का सहारा ले रहे हैं, वहीं जिन्हें ड्रोन नहीं मिल पा रहा है, वे मजदूर के सहारे स्प्रेयर से दवाई छिड़काव कर रहे हैं।

- दिसंबर माह में की जाती है कटाई की शुरुआत
- अभी से कीट प्रकोप के कारण फसल उत्पादन को लेकर किसान चिंतित



### फसल बेचने के 9 माह बाद भी नहीं मिला बोनस

गन्ना किसान उदय यादव, नेतराम मंडावी, फलेश साहू, रामकिशन साहू, ईश्वर सिन्हा, तेजराम साहू, खोमेश्वर सिन्हा, भेदराम सिन्हा ने बताया कि फसल में एक ओर जहां कीट का प्रकोप हो रहा है, तो दूसरी ओर शासन से गन्ना फसल के बकाया बोनस की राशि नहीं मिलने से परेशानी उठानी पड़ रही है। क्योंकि गन्ना फसल कटाई को लगभग 9 माह हो चुके हैं। इसके बावजूद अब तक किसानों को बोनस की राशि है नहीं मिली है। इससे किसानों को आर्थिक परेशानी झेलनी पड़ रही है। किसानों ने बताया कि गन्ना कटाई का समर्थन मूल्य की राशि, दवाई, खाद, मजदूर सहित ट्रांसपोर्टिंग में चला जाता है। बोनस की राशि ही किसानों के लिए बचती है।

### नशे की दवा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। युवकों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर केन्द्रीय जेल दुर्ग कैंटिन के पास नशे की दवा लेकर ग्राहक की तलाश में खड़ा था।पुलिस ने घेराबंदी कर पचरीपारा वार्ड 28 दुर्ग निवासी हार्दिक भोई, वार्ड 44 कसारीडीह दिलीप साहू को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से पुलिस ने अलग अलग 129 स्ट्रप जब्त किया गया।

हरिभूमि पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस प्रभारी सचिवों को मिली जिम्मेदारी

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस ने प्रभारी सचिवों को विधानसभा और संगठन जिलों का प्रभार सौंप दिया गया है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट के द्वारा जारी की गई जिम्मेदारी के बाद उन्हें उन्हीं विधानसभा और संगठन जिलों पर फोकस करना होगा। प्रभारी सचिव एसए संपत को 31 विधानसभा क्षेत्रों का प्रभार सौंपा गया। वहीं प्रभारी सचिव जरिता लैतफलांग को 28 विधानसभा और विजय जांगिड़ को 31 विधानसभा क्षेत्रों का प्रभार दिया गया है। संपत को बस्तर संभाग, दुर्ग संभाग और राजनांदगांव जिले के विधानसभा क्षेत्र की जिम्ममदारी दी गई है।

### बदल गई डॉयल 112 की संचालन एजेंसी, अब जेडएचएल को कमान

**रायपुर।** जरूरतमंदों की मदद के लिए राज्य में काम करने वाली डॉयल 112 के संचालन एजेंसी बदल गई है। अब एवीपी की जगह मुंबई की जेडएचएल की इसकी कमान दी जाएगी। जिकित्ज़ा हेल्थकेअर लिमिटेड मुंबई की कंपनी है और वर्तमान में डॉयल 104 की जिम्मेदारी संभाल रही है। डॉयल 112 के माध्यम से पुलिस विभाग आम लोगों को विभिन्न तरह की मदद करती है, जिसमें चिकित्सकीय सुविधा भी शामिल है। इस सेक्टर में काम करने के लिए एजेंसी तय करने टेंडर प्रक्रिया पूरी की गई थी, जिसमें जेडएचएल को सफलता मिली है।

### श्रीजी वृंदावन सोसाइटी में अद्भुत झांकी



**रायपुर।** ग्यारह दिन के गणेश उत्सव में भजन, सुन्दरकांड , 56 भोग, महाआरती, श्लोक प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, अंताक्षरी, करओके,सभी आयुवर्ग के लिए विभिन्न खेल व प्रतियोगिताओं का आयोजन करा गया। साथ ही संस्कृतिक संध्या का आयोजन करा गया जिसमें पौराणिक कथा गणेश एकदंत क्यूँ कहलाए गए , इस पर 7-8 वर्ष की आयु के बच्चों ने भाव-भीनी प्रस्तुति दी। गणेश वंदना से एकता का संदेश देते हुए 10 वर्ष की आयु से बड़े बच्चों ने मंत्रमुग्ध कर दिया। औरतों पर बढ़ते अत्याचार और हाल ही मे हुए कोलकात्ता कांड पर अपने आक्रोश व्यक्त करते हुए बेहतरीन नाट्य नाटिका का प्रदर्शन किया गया, जिसमें लड़कियों के जन्म से लेकर अरमानों के आसमान तक उड़ने की कहानी को ओ री चिरैया, ओ रंगरेज जैसे गानों के माध्यम से दर्शाया। श्रीजी वृंदावन सोसाइटी के अध्यक्ष रवि नंदी ने कहा कि पिछले कई वर्षों से हमारी सोसाइटी गणेशजी की स्थापना करती आ रही है।

# वर्ष 2016 से 2023 तक 30 हजार से ज्यादा आवासों का हुआ निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016–23 अंतर्गत कुल 30 हजार 394 आवासों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। इसके साथ ही जिले में वर्ष 2023 एवं 2024 में निर्मित कुल 7934 आवासों का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2016–23 हेतु कुल 32 हजार 394 आवास निर्माण कार्य का लक्ष्य प्रदान किया गया था। जिसके विरूद्ध में कुल 30 हजार 663 आवासों का निर्माण शत प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। जिसमें कुल 1731 आवास पूर्णता हेतु शेष है, जिसमें 871 आवासों को विभिन्न कारणों से निरस्त किया जाना है तथा 860 आवास निर्माणाधीन है। सीईओ कन्नौजे ने बताया कि जिले में वित्तीय वर्ष 2024–25 में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत कुल 13 हजार 779 हितग्राहियों को उनका पक्का आशियाना भी मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा जिले के कुल 7796 हितग्राहियो को योजनान्तर्गत पीएम आवास स्वीकृत कर प्रति आवास 40 हजार रुपये प्रथम किश्त की राशि संबंधितो के खातो में एफटीओ के माध्यम से अंतरित किया गया। जिसके अंतर्गत बालोद विकासखण्ड के 1096 हितग्राहियों, डौण्डी विकासखण्ड के 1518, डौण्डीलोहारा के 1118, गुण्डरदेही विकासखण्ड के 2421 तथा गुरूर विकासखण्ड के 1643 हितग्राहियों सहित कुल 7796 हितग्राहियों के लिए प्रथम किश्त की राशि का अंतरण किया गया।

## जिला पंचायत सीईओ डॉ कन्नौजे ने दी जानकारी

### ककक

प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में जिले को आबंटित नवीन लक्ष्य हेतु डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में बैठक ली। उन्होंने बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत नवीन लक्ष्य के विरूद्ध पंजीयन, स्वीकृति एवं प्रथम किश्त अंतरण की जानकारी लेते हुए प्रथम किश्त अंतरित कुल 7796 लाभार्थियों का ग्राम पंचायतवार, क्लस्टरवार उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कर संबंधितो को पीएम आवास संबंधित संपूर्ण जानकारी देते हुए निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2016–23 तक के पूर्णता हेतु शेष कुल 880 आवासो का जनपद पंचायतवार जानकारी लेते हुए जिले में तृतीय किश्त प्राप्त कुल 136 आवासों को 25 सितम्बर तक शत–प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।



### निर्माणाधीन आवासों का निर्माण इस माह के अंत तक करने का लक्ष्य

डॉ. कन्नौजे ने बताया कि प्रथम किश्त प्राप्त कुल 237 आवास एवं द्वितीय किश्त प्राप्त 490 आवासों को 30 सितम्बर तक आगामी स्तर तक निर्माण पूर्ण कर जियो टैगिंग उपरांत आगामी किश्त की राशि प्रदान करने लक्ष्य आबंटित किया गया है। इसी क्रम में शेष रह गए पात्र परिवारों को आवास का लाभ प्रदान किए जाने हेतु आवास प्लस की सूची, जो वर्ष 2018 में तैयार की गयी थी, उस सूची को नये मापदंड के अनुसार सभी पात्र परिवारो को आवास प्लस सूची में शामिल करने संबंधी सर्वे हेतु ग्राम पंचायतों के सचिवों को प्रगणको के रूप में योजना के पोर्टल में पंजीकृत कर सर्वे का कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

## बैठक : कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए निर्देश

# आम जनता के प्रति मधुर व नम्र हो सभी शासकीय सेवकों का व्यवहार : चंद्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप आम जनता के प्रति हम सभी शासकीय सेवकों का व्यवहार अत्यंत मधुर, आत्मीय एवं नम्र होना चाहिए। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी–कर्मचारियों को उनके कार्यालयों में अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण के संबंध में उनसे मुलाकात के लिए पहुँचने वाले लोगों से सदैव मधुर एवं आत्मीय व्यवहार करने को कहा है।

जिससे कि आम जनता का शासन और प्रशासन के प्रति विश्वास अर्जित होने के अलावा अपनापन का भाव भी विकसित हो सके। चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का राज्य के अधिकारी–कर्मचारियों से अपेक्षा की जानकारी देते हुए इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में अनुपस्थित रहने वाले नगर पंचायत गुण्डरदेही एवं अर्जुंदा के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का निर्धारित समयावधि में समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक एसआर भगत ने भी अधिकारियों को शासन के मंशानुरूप आम जनता के प्रति संवेदनशील एवं जवाबदेह बनकर पूरी प्रतिबद्धता एवं निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। बैठक में चन्द्रवाल ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा करते हुए राजस्व अधिकारियों को समय–सीमा में राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निर्धारित समयावधि में प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर संबंधित राजस्व अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए इसे शासन की अत्यंत महत्वपूर्ण योजना बताया।



**आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनाकर करें वितरित:** श्री चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आम जनता को स्वास्थ्य विभाग का समुचित लाभ दिलाने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने जिले के पोषण पुर्नवास केन्द्रों में कुपोषित बच्चों को अनिवार्य रूप से भर्ती कर उनकी स्थिति में सुधार के उपाय सुनिश्चित करने को कहा। इसी तरह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शेष रह गए लोगों का शीघ्र आयुष्मान कार्ड बनाकर उसका वितरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

### शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करें

चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले के डायरिया प्रभावित गांवों में डायरिया की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों के संबंध में जानकारी ली। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यापालन अभियंता से डायरिया प्रभावित ग्रामों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने आम नागरिकों के लिए शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जरूरी उपाय करने के निर्देश भी दिए। चन्द्रवाल ने इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित कर उन्हें इसकी जानकारी देने के भी निर्देश दिए।

### शाला मरम्मत कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

बैठक में चन्द्रवाल ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत शाला मरम्मत के कार्य की समीक्षा करते हुए इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी–कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। चन्द्रवाल ने आगामी खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य में धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# बंद हिंदी माध्यम विद्यालय फिर से प्रारंभ करे विभाग



हरिभूमि न्यूज. बालोद

नवीन शिक्षक संघ के जिला प्रतिनिधिमंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंप बच्चों के लिए गणवेश देने, बंद हिंदी माध्यम पुनः प्रारंभ करने और खेल प्रशिक्षण का आयोजन करने की मांग की। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश साहू ने बताया कि वर्तमान शिक्षा सत्र प्रारंभ हुए 2 माह से अधिक समय व्यतीत हो गया है, बच्चों को सिर्फ एक जोड़ी गणवेश ही प्राप्त हुआ है, प्रति वर्ष 2 जोड़ी गणवेश बच्चों को शासन द्वारा प्रदान किया जाता है। शेष एक जोड़ी गणवेश बच्चों को शीघ्र प्रदान करने की मांग संघ ने डीईओ बालोद से किया है। जिला सचिव प्रवीण पाण्डेय और जिला उपसंयोजक हिलेश्वर देवांगन ने बताया कि डीईओ से चर्चा हुई है। इस दौरान संघ ने जिले के ऐसे आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जहां पूर्व में हिंदी माध्यम के हाई स्कूल या हायर सेकंडरी स्कूल संचालित होते थे, उन्हें पूर्णतः बंद कर दिया गया है। जबकि पूर्व में शासन का आदेश रहा है कि वहां हिंदी माध्यम विद्यालय भी संचालित होंगे। संघ ने डीईओ से ऐसे सभी हिंदी माध्यम के विद्यालय पुनः प्रारंभ करने की मांग की है, जो वर्तमान में बंद हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में संघ आगामी दिनों मुख्यमंत्री, स्कूल सचिव को भी मांग पत्र सौंपेगा। इसके साथ ही बालोद ब्लॉक अध्यक्ष लोकेश साहू एवं उपाध्यक्ष टोमन भुआर्य ने आगामी तिमाही आकलन के लिए आवश्यक दिशा निर्देश के साथ टाइम टेबल जारी करने की मांग की।

### खेल प्रशिक्षण की मांग

संघ के पदाधिकारियों ने मांग की कि शालाओं में संकुल, अंतर संकुल, ब्लॉक और जिला स्तर की खेल प्रतियोगिता का आयोजन होता है। इसके लिए संकुल स्तर पर खेल प्रशिक्षण का आयोजन करने की मांग की, जिससे सभी शिक्षक अपनी शालाओं के बच्चों को खेल का अभ्यास कर सकें। इसके साथ ही शालाओं में खेल निरीक्षण, अवलोकन करने की मांग की, जिससे बच्चों को खेल सामग्री, खेल से संबंधित समस्त प्रकार की सुविधाएं शासन के निर्देशानुसार स्कूलों में उपलब्ध है कि नहीं इसकी जानकारी मिल सके। बच्चों के लिए खेल के लिए जारी राशि का समुचित उपयोग हो रहा है कि नहीं, बच्चों को शालाओं में खेल के लिए प्रोत्साहन मिल रहा है कि नहीं इसका परीक्षण होना चाहिए।

# महावीर गौशाला पहुंचे कलेक्टर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिला मुख्यालय बालोद के आमापारा में स्थित महावीर गौशाला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गौशाला में उपस्थित कर्मचारियों से गौशाला की व्यवस्था, पशुओं की समुचित देखभाल, उनके लिए चारे एवं पानी का प्रबंध तथा बीमार पशुओं के उपचार आदि के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित गौशाला के कर्मचारी से पशुओं के लिए हरे एवं सूखे चारों का प्रबंध, गौशाला में कुल पशुओं की संख्या आदि के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने गौशाला के संचालन बेहतर ढंग से करने तथा पशुओं के लिए जरूरी सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराने को कहा।

# घनश्याम सिंह गुप्त कॉलेज ने वापस लिया समय सारिणी बदलने का निर्णय

**बालोद।** विगत कुछ दिनों से शासकीय घनश्याम गुप्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालोद में एलएलबी कक्षाओं की समय सारणी को सुबह 7:30 बजे कर दी गई थी। इससे नाराज विद्यार्थियों ने भूख हड़ताल और कॉलेज बंद का आव्हान किया था। छात्रों ने आरोप लगाया कि महाविद्यालय प्रशासन जबरदस्ती छात्रों पर आदेश थोप रहा था। आखिर समय सारणी बदलने का निर्णय महाविद्यालय ने वापस ले लिया है। छात्रों ने कहा कि दूर–दूर से छात्र आते हैं, दूसरे जिले से व अन्यत्र स्थान से आने कारण छात्रों को बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ा। सुबह 7:30 बजे इसलिए समय सारणी को बदलने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि अब 15 दिनों की लड़ाई के बाद अब हमें न्याय मिला। इस कार्य में छात्र नेता देवेंद्र साहू पूर्व विधायक प्रतिनिधि गजेंद्र ढीमर, राहुल निषाद, विक्की पिसदा, हरमुख, पंकज, डेमन कुमार, हुमेश कुमार और साथियों का सहयोग रहा।

# शैलदेवी महाविद्यालय व आईटीआई में मनाई गई विश्वकर्मा जयंती





**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय और शैलदेवी प्राइवेट आईटीआई, अंडा में 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की।

# तेज प्रकाश ने आत्मानंद स्कूल के बच्चों को बांटी पेंसिल



**बालोद/निकुम।** स्वामी आत्मानंद एक्सीलेंट अंग्रेजी स्कूल मोंहदीपाठ में स्कूली बच्चों को बेहतर शिक्षा, खेल, स्पेशल एक्टीविटी कर स्मार्ट स्टुडेन्ट बनाने स्कूल की प्राचार्य अर्चना चावरे की पहल से बच्चों को शिक्षा के साथ नई पहचान मिल रही है। मोंहदीपाठ स्कूल की प्राचार्य अर्चना चावरे को बालोद में सांसद दुर्ग विजय बघेल एवं कलेक्टर ने बीते 15 अगस्त को शत-प्रतिशत परिणाम के लिए सम्मानित किया था। वहीं, खुद पहल करते हुए प्राचार्य व स्टाफ ने मिलकर न्यौता भोजन की शुरुआत कर ग्रामीणों को प्रेरित भी किया। प्राचार्य व स्टाफ की प्रेरणा से क्षेत्र के समाजसेवी तेजप्रकाश साहू ने अपने पुत्र दिव्यांश साहू के जन्मदिन पर केक नहीं काटा, बल्कि एक पौधा लगाया और स्कूली बच्चों का मुंह मीठा कराया तथा उन्हें पेंसिल भेंट किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाप गोपिका कौमार्य, स्वाती पंडवार, रेणुका बरमार, अमनदीप कौर उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### बस स्टैंड के पास स्थित बाजार ...

बनाई जाएंगी। इस तरह सिर्फ 7 दुकानदारों को ही जगह मिल पाएगी। उसके बाद बाकी दुकानदारों का क्या होगा, लेकिन पंचायत के पास इस सवाल का कोई जवाब नहीं है।

### बच्चों के रोने की आवाज ...

वार्ड नंबर 04 संजय नगर में रहते हैं तथा स्कूल गंज पारा में है, जब मेरा बेटा स्कूल से 2 बजे घर नहीं पहुँचा तो मैं स्कूल में फोन लगाई तो पता करते है बोले। फिर ड्राइवर को फोन लगाई तो ड्राइवर का फोन बंद बताया। उसके बाद से 2 घण्टे तक हम लोग अपने बच्चे के लिए बहुत ज्यादा परेशान थे, जिसके बाद किसी ने मेरे बच्चे के पहचान पत्र से मेरा नम्बर लेकर फोन किया, तब मैं बालोद से झलमला नाली पार पहुँची तो देखी कि स्कूल वेन का ड्राइवर नशे में धुत पड़ा था और मेरे बच्चे का रो-रो कर बुरा हाल हो चुका था।

### घर पहुंचाने के बजाए रास्ते ...

होने के बाद बच्चों को घर छोड़ने के लिए रवाना हुआ। लेकिन दो घंटे बाद भी स्कूल से निकले बच्चे घर नहीं पहुंचे। इस पर बच्चों के परिजनों ने ड्राइवर को फोन लगाया, लेकिन उसका नंबर बंद बताया। इस पर पालकों ने प्रिंसिपल को फोन लगाया गया, तब उनके द्वारा गाड़ी स्कूल से छुट्टी वाले टाइम पर रवाना होने की बात कहीं, लेकिन दो घंटे बाद भी स्कूली बच्चे घर नहीं पहुंचने से बच्चों के परिजन परेशान थे और उन्हें ढूंढ़ने का प्रयास कर रहे थे।

### कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय ...

विकास चोपड़ा, बंटी शर्मा, अनिल यादव, शंभू साहू, संतु पटेल, क्रांति भूषण साहू, देवेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चरोटा पहुंचे कलेक्टर चंद्रवाल, खरीफ गिरदावरी कार्य का किया अवलोकन



**बालोद।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम पंचायत नेवारीकला में अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कार्य तथा ग्राम चरोटा में पहुँचकर खरीफ गिरदावरी के कार्य का अवलोकन किया।

चन्द्रवाल ने इस कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों को इन दोनों कार्यों को त्रुटिरहित ढंग से शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत नेवारीकला में सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण के प्रपत्र का अवलोकन कर अधिकारी–कर्मचारियों द्वारा किए जा रहे एण्ट्री के कार्य का जायजा लिया। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से ग्राम नेवारीकला की कुल जनसंख्या तथा ओबीसी वर्ग की कुल आबादी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने मुनादी आदि के माध्यम से ग्रामीणों को अन्य पिछड़ा वर्ग के सामाजिक–आर्थिक सर्वेक्षण कार्य के संबंध में सूचित करने के निर्देश दिए। इस दौरान चन्द्रवाल ने ग्राम चरोटा में पहुँचकर खरीफ गिरदावरी के कार्य का अवलोकन किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों से खरीफ गिरदावरी के कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली। चन्द्रवाल ने नक्शा एवं खसरा पंजी का अवलोकन कर खरीफ गिरदावरी के कार्य के प्रगति के संबंध में जानकारी ली।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ग्राम सुर्रा में बच्चों को दिया गया न्योता भोज

गुरुर। सीताराम साहू के जन्मदिन एवं दादा स्व.सुकालू राम के पितृ तर्पण के अवसर पर ग्राम दल्लीराजहरा (सुर्रा) द्वारा शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय सुर्रा संकुल केन्द्र भानपुरी के बच्चों, तीनों आंगनबाड़ी के बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को सम्पूर्ण न्यौता भोजन परोसा गया। इस अवसर पर केदार साहू, एमएस व पीएस एसएमसी अध्यक्ष विश्राम साहू, उपाध्यक्ष गोवर्धन साहू, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला डीएल साहू एवं प्रधान पाठक प्राथमिक शाला सुर्रा यू कामड़ी, शिक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्व–सहायता समूह के सदस्य उपस्थित थे।

### नवोदय विद्यालय में परसदा स्कूल की छात्रा का हुआ चयन

अंडा। सत्र 2024-25 कक्षा छठवीं नवोदय विद्यालय (दुधली)बालोद में



प्रवेश के लिए शासकीय प्राथमिक विद्यालय परसदा (डग) से भारती साहू पिता डेमन साहू का चयन हुआ है। इस संस्था से लगातार पांचवे वर्ष जवाहर नवोदय विद्यालय बालोद की कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए विद्यार्थी काचयन हुआ है। गुण्डरदेही बीईओ नवीन यादव, एबीईओ श्रद्धा ठाकुर, खेमराज साहू, विकासखंड स्रोत समन्वयक किशोर साहू, तथा परसदा विद्यालय के प्राचार्य नरेश साहू सहित सभी शिक्षकों व ग्रामवासियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### दबंग डोकला(चारामा) ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

गुरूर। सोमवार रात्रि को श्री बाल गणेश उत्सव समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 35 टीमों ने भाग लिया। प्रथम स्थान दबंग डोकला(चारामा) ने प्राप्त किया, द्वितीय स्थान जय हो कबड्डी दल चन्दनबिरही, तृतीय स्थान जय मां शीतला कबड्डी दल जैसाकर्रा (चारामा), चतुर्थ स्थान बालक छात्रावास कोचवाही ने प्राप्त किया। मैन आफ द सीरीज शैलेन्द्र कुमार दबंग डोकला को अतिथियों के द्वारा पुरस्कार प्रदान किया गया। रात्रि में श्रवण कुमार मंडावी की ओर से बी जामगांव का कार्यक्रम किया गया। आयोजन समिति में उमेश राणा, राजकुमार उइके, भूपेश नेताम, खूबलाल यादव, शीत यादव, देवेन्द्र यादव, प्रज्जल यादव, विक्की यादव, राजकुमार घरत, कृष्णा सोनवानी, जयचंद राणा, सुमन्त यादव, कुलजीत घरत, उपसरपंच तैय्यब अली, भूपेन्द्र यादव, अनुज उइके एवं समिति का सहयोग रहा।

मांग : जिले के अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का मामला

# डॉक्टर व कर्मचारियों से मारपीट, एक दिन हड़ताल कर जताया विरोध, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

अर्जुंदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर व कर्मचारियों ने बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल कर दी। वे डॉक्टर व कर्मचारियों से गाली गलौज व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए इसका विरोध कर रहे थे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बीते कुछ महीनो से लगातार ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों के साथ मारपीट एवं गाली गलौज करने का मामला सामने आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बीती 15 सितंबर की रात्रि लगभग 11 बजे ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर लेखराम कोसरे व वार्ड बॉय मेष कुमार साहू जो ट्रेसर का काम करता है, के साथ तीन लोगों द्वारा गाली गलौज व मारपीट करने का मामले सामने आ रहा है।

हड़ताली कर्मचारियों ने बताया कि 15 सितंबर को रात्रि 11 बजे के आस–पास शराब के नशे में धुत होकर गिरने के चोट को लेकर अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सूर्यकांत शर्मा पिता मिथिलेश प्रसाद शर्मा, प्रवीण चंदेल पिता किशोर सिंह चंदेल, सन्नी तिवारी पिता लेख नारायण तिवारी पहुंचे। जहां पर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर लेखराम कोसरे व वार्ड बॉय मेष कुमार साहू द्वारा सूर्यकांत शर्मा का इलाज ड्रेसर कक्ष में किया जा रहा था। तभी 3 साल की एक बच्ची को अस्पताल में लाया गया, जिसकी स्थिति बहुत ही नाजुक थी। उसे देखकर डॉक्टर व वार्ड बॉय तत्काल उनके पास पहुंचे एवं उनका जांच करने लगे। तभी ये तीनों लोग गाली गलौज करते हुए डॉक्टर एवं वार्ड बॉय के पास पहुंचे और उनको दबाव पूर्वक अपना इलाज यह कहते हुए कि हम लोग पहले आए हैं हमारा इलाज पहले करो। इस पर इन तीनों को समझाने की कोशिश की गई, लेकिन वे तीनों नशे में थे, जिसके कारण किसी की बात सुनने को तैयार ही नहीं थे। उसके बाद तीनों गाली गलौज कर ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर के साथ धक्का मुक्की करने के साथ ही वार्ड बॉय के साथ मारपीट करने लगे। इधर, मारपीट होता देख इंजेक्शन रूम में ड्यूटी कर रही नर्स भी काफी घबरा गई। इसकी सूचना तत्काल थाना अर्जुंदा को दी गई, जिसके बाद पुलिस उनको थाने ले गई।






**संघ ने रखी ये मांगें**

इस पूरे मामले की जानकारी होने पर स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशीय कर्मचारी संघ जिला बालोद के द्वारा बुधवार को एक दिवसीय विरोध धरना प्रदर्शन कर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षण करवाते हुए स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों को सुरक्षा देने की मांग की। प्रति दिवस एक पुलिस कर्मचारी की ड्यूटी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाने की मांग की। साथ ही अर्जुंदा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर लेखराम कोसरे व वार्ड बॉय मेष कुमार साहू के साथ मारपीट करने व गाली गलौज करने वालो के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई। कार्यवाही नही होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करने की चेतावनी संघ ने दी है।

**आरोपियों को छोड़ने घनघनाने लगे फोन:** इसकी सूचना मिलते ही इस मामले को दबाने के लिए थाने में राजनीतिक दलों का आना–जाना एवं फोन के माध्यम से आपसी समझौते की बात को लेकर कोशिश की जाने लगी। यहां तक की डॉक्टर को भी कार्रवाई न करने राजनीतिक दलों द्वारा दबाव बनाया जाने लगा। इससे यह स्पष्ट होता है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण इस क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के हौसला बुलंद हैं। इसी कारण से वे इस तरह का कार्य करने में डर महसूस नहीं कर रहे हैं।

### मारपीट की घटना निंदनीय

इस मामले पर जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी महेश सूर्यवंशी ने कहा 15 सितंबर को रात्रि 11 बजे के आस पास हॉस्पिटल में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर एवं वार्ड बॉय पर जिस तरीके से मारपीट की गई है, वह निंदनीय है। इसी कारण आज धरना एवं विरोध प्रदर्शन करते हुए हमारे कर्मचारियों द्वारा उनके खिलाफ तत्काल कार्य करने की मांग की जा रही है। साथ ही अर्जुंदा तहसीलदार को इस पर तत्काल कार्यवाही करने को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपे। इस धरना प्रदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के जिला ब्लॉक एवं स्थानीय कर्मचारी सम्मिलित हुए जिसमें जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य एवं बहुउद्देशी कर्मचारी संघ घनश्याम सिंह पुरी, डॉ पुष्पेंद्र अग्रवाल, सत्येंद्र मारकंडे, डॉ देवेंद्र बोरकर, डॉ गीतिका वर्मा, डॉ नेताम, दिनेश सिंह संगठन मंत्री बालोद, रोनाल्डो कुमार राव, विनोद जायसवार मैदानी चिकित्सक संगठन व अर्जुंदा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

### तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

अर्जुंदा थाना द्वारा इस मामले मे सूर्यकांत शर्मा, प्रवीण चंदेल, सन्नी तिवारी के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(2), 221, 132, 3(5), 115(2) चिकित्सा सेवक तथा चिकित्सा सेवा संस्थान अधिनियम 2010 के तहत धारा 03 के अंतर्गत अपराध पंजीकृत किया गया है।

## उमरादाह में कलेक्टर ने रेडी टू इट पैकेट का किया निरीक्षण, परखी गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम उमरादाह आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के स्टोर में गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के भोजन एवं नाश्ते के लिए रखे गए रेडी टू इट पैकेट का अवलोकन कर उसके गुणवत्ता को परखा। चन्द्रवाल ने मौके पर उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला एवं बाल विकास विभाग के पर्यवेक्षक को रेडी टू इट पैकेट का उपयोग निर्धारित तिथि के पूर्व सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने निर्धारित मेन्यू के अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को प्रतिदिन प्रदान की जाने वाली भोजन एवं नाश्ते के संबंध में भी जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की जाँच कराकर कुपोषण मुक्ति के लिए किए जा रहे उपायों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारी–कर्मचारियों को कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराने तथा उन्हें नियमित रूप से पौष्टिक भोजन, नाश्ता इत्यादि प्रदान कर बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने के लिए जरूरी उपाय सुनिश्चित करने को कहा। श्री चन्द्रवाल ने बच्चों से उनके एवं उनके माता–पिता का नाम, आंगनबाड़ी केन्द्र में प्रतिदिन मिलने वाली भोजन एवं नाश्ता तथा उनकी पढ़ाई–लिखाई के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर चन्द्रवाल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा एण्ट्री किए जाने वाले पोषण ट्रेक एप्प का भी अवलोकन किया।



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया आयोजन

## विकासखंड स्तरीय कला महोत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कला महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय विकसित भारत 2047 के लिए एक दृष्टिकोण था, जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव, घीना, कन्या शाला लोहारा सहित अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालक शाला के प्रभारी प्राचार्य प्रदीप मेश्राम ने छत्तीसगढ़ महतारी के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संचालन कला उत्सव विकासखंड नोडल प्रभारी एनुका शार्वा ने किया। कार्यक्रम में नृत्य, गायन, वादन, पारंपरिक, शास्त्रीय तथा सामूहिक नृत्य तथा गायन और चित्रकारी 2डी, 3डी और पारंपरिक खेल खिलौने, कहानी वाचन पारंपरिक आर्केस्ट्रा विधा शामिल हैं।





### स्पर्धा में इन्होंने मारी बाजी

कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक नृत्य से किया गया, जिसमें प्रथम स्थान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव की टीम रही। इसी प्रकार एकल पारंपरिक नृत्य में कुसुम और तुमेश प्रथम, चित्रकारी में मोक्षराज(सेजेस लोहारा) और लोकिता(बालक विद्या लोहारा) और सामूहिक गायन में टिकेश्वरी साहू और पूर्वी देशमुख(बड़गांव स्कूल)और एकल गायन बालक में पूनम कुमार साहू (बालक विद्यालय लोहारा)और बालिका वर्ग टिंकल, शास्त्रीय वादन में भोजराज सिन्हा (बालक शाला डोंडी लोहारा) मूर्ति कला में चांदनी पाड़े और लारेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ये बच्चे आगामी भविष्य में जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समस्त कार्यक्रम में निर्णायक श्रीमति सीमा सुशील जामवंते, डुप्ले साहू, हेमंत साहू, श्री मार्गरेंड्र, ललित कुमार तारेंद्र थे। विशेष सहयोगी के रूप में तेजेश्वरी साहू, रीना मंडल, सुशीला ध्रुवे, श्री लाटेंद्र तथा चतुर्वेदी मैडम उपस्थित थीं।




**न्यायालय तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम पेण्डरवानी को सूचित किया जाता है कि आवेदक सगुन राम पिता भारत जाति मरार साकिन पेण्डरवानी द्वारा ग्राम पेण्डरवानी प.ह.नं. 08. तहसील गुरूर स्थित संयुक्त नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 260 रकबा 0.41 हे. लगान 1.56 रू. से संबंधित ऋणपुस्तिका कहीं गुम हो जाने के कारण आवेदक डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु खाता बी-वन की नकल, शपथ पत्र सहमति पत्र, थाना रिपोर्ट की प्रति, नोड्यूज, सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 25/09/2024 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार
गुरूर,
जिला-बालोद (छ.ग.)

## छायाचित्र प्रदर्शनी का लोगों ने किया अवलोकन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जनसंपर्क विभाग द्वारा विकसित भारत, मोदी की संकल्पना थीम पर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर बालोद में लगाए गए छायाचित्र प्रदर्शनी का बड़ी संख्या में लोगों ने अवलोकन किया। छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन एवं अतिथियों ने किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य यशवंत जैन, कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं अन्य अधिकारियों के अलावा शाहिद खान, कमलेश गौतम, पूर्व पार्षद संतोष कौशिक सहित बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, गणमान्यजनों एवं आम नागरिकों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे लोगों ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर केन्द्र शासन के विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश कुमार ठाकुर एवं विभाग के अन्य कर्मचारियों के ने छायाचित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने पहुँचे अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान लोगों को राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित 'जनमन' पत्रिका का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक सोशल मीडिया तनवीर खान, कृष्णशरण साहू, रूबीना खान, घनश्याम चन्द्राकर, हुलेश रजक सहित जनसंपर्क विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### प्रदर्शनी में ये शामिल

उल्लेखनीय है कि जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रदर्शित की गई छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन की झांकी तथा उनके द्वारा कर्तव्यनिष्ठा के साथ देश के लिए किए जा रहे कार्यों एवं योगदानों की झलक समाहित की गई। छायाचित्र प्रदर्शनी में 'संसाधन वही निर्माण की रफ्तार नई, स्पीड और स्केल का अभूतपूर्व संयोजन, वोकल फॉर लोकल', हमारा स्वाभिमान बुलंद हुआ आत्मनिर्भर भारत अभियान, कुशल नेतृत्व का आधार, अर्थव्यवस्था की गति का प्रसार, "महामारी के दौरान भी न थमा सुधारों का दौर", "बच्चो के प्यारे मोदी जी", "बापू का सपना किया साकार, स्वच्छ भारत ने लिया आकार", "जन–धन योजना", "वित्तीय समावेशन का ऐतिहासिक दशक", "तेज काम बड़ा परिमाण", "नरेन्द्र मोदी की पहचान, मेरे देश के जवान, तुझको शत–शत प्रणाम" आदि की विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई।






## खबर संक्षेप



### शासकीय विद्यालय बोदल में शिक्षिका ने कराया न्योता भोज

**बालोद/कलंगपुर।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला बोदल में शिक्षिका पदमनी साहू ने अपने बड़े सुपुत्र गीतांश साहू के 11 वें जन्म दिवस के अवसर पर स्कूली बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर प्रधानपाठक अल्का साहू, रविशंकर यादव, गुरुबच्चन मुकेश, भानु प्रकाश साहू, दयाराम साहू सहित संकुल समन्वयक श्री ठाकुर उपस्थित थे।

### शाला प्रबंधन समिति झोफ़रा की पूर्व अध्यक्ष रमशीला ने कराया न्योता भोज



**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफ़रा में शाला प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष रहे रमशीला धुरवे ने पितृ पक्ष के प्रथम दिवस शाला के बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर प्रधानपाठक एस. बेलचंदन, सहायक शिक्षक बीके. महतो और पीआर साहू के साथ सभी बच्चे उपस्थित थे।

### नवोदय चयन परीक्षा के लिए पंजीयन 23 तक

**बालोद।** शिक्षा सत्र 2025-26 में जवाहर नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण की तिथि 23 सितम्बर तक बढ़ा दी गई है। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्राचार्य साधना अनुपम दलेला ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय समिति भोपाल द्वारा तिथि में वृद्धि कर अब 23 सितम्बर तक कर दी गई है। उल्लेखनीय है कि नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन शनिवार 18 जनवरी 2025 को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण करने की प्रक्रिया जवाहर नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट नवोदय डॉट जीओवी डॉट इन पर की जा रही है। उन्होंने बताया कि शिक्षा सत्र 2024-25 में अध्ययनरत कक्षा 5वीं के छात्र-छात्राएँ जिनका जन्म 01 मई 2013 से 31 जुलाई 2015 है ऐसे विद्यार्थी नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में चयन परीक्षा में शामिल होने के लिए पात्र होंगे।

### दो बाइक आपस में टकराई, चार घायल

**भिलाई।** दो बाइक आपस में टकराने से चार युवक घायल हो गए है। घटना जी केबिन चरोदा का है। जीआरपी चरोदा ने बताया कि दो बाइक आपस में टकरा गई। घटना में एक बाइक में तीन और एक में सिंगल युवक सवार थे। आपस में टकरा जाने से अजय, विजय गोपाल और राजा राव को चोट आई है। बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। हादसे में इसमें दो युवक गंभीर रुप से घायल है। जिन्हे रेफर किया गया है। घटना के बाद मुलाहिजा कराने राजा राव नहीं पहुचा बल्कि फरार हो गया।

**विसर्जन :** अनंत चतुर्दशी पर हवन-पूजन के बाद किया गया प्रतिमाओं का विसर्जन

# अगले बरस जल्दी आने का वादा लेकर दी गई विदाई, गणपति प्रतिमा का किया गया विसर्जन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंडा

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्र में जयकारे के साथ शोभायात्रा निकालकर भगवान गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। ग्राम ओटेबंद, सिरसिदा, डौकीडीह, खपरवाडा,देवरी ख, परसदा, डगनिया, नाहंदा, गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चौचा, ओडारसकरी, मटिया, देवगहन सहित अन्य गांव में हर्षोल्लास के साथ विसर्जन किया गया। गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ के नारों के साथ विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई।

- गांवों की गलियों में गूंजा गणपति बप्पा मोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ की गूंज

### टेकवाडीह में भगवान गणेश की प्रतिमा का किया गया विसर्जन



**गुरूर।** ग्राम टेकवाडीह में भगवान गणेश जी की मूर्ति को धूमधाम से विसर्जन किया गया। समिति द्वारा मंगलवार को मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन के बाद बुधवार को बाजे गाजे के साथ नाचते झूमते भगवान गणेश जी की मूर्ति को गलियों का भ्रमण करते हुए तालाब में विसर्जन किया गया। जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



### रजोली में गणपति प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन

**बालोद।** ग्राम रजोली के आजाद चौक के साथ ही विभिन्न घरों में स्थापित भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का अनंत चतुर्दशी के दिन विसर्जन किया गया। हवन-पूजन के बाद आजाद चौक से पूरी टोली के साथ महिलाएं एवं बच्चे ने बाजे-गाजे के साथ भजन गाते हुए तालाब पहुंचे, जहां पूजा-आरती कर भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर भी उपस्थित थे।

## अवैध शराब जब्त, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

थाना रनचिरई क्षेत्र के अंतर्गत आरोपी भूषण कुमार, साकिन भाठापारा बोरगहन के पास से 5.76 लीटर देशी मदिरा प्लेन शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत 01 गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है।

- थाना रनचिरई व मंगचुवा पुलिस ने की कार्रवाई

थाना मंगचुआ के अंतर्गत आरोपी युगेश्वर कुमार, साकीन आरजपुरी वार्ड क्रमांक 05 के पास से कुल 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत 01 गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर आरोपी का जेल निरुद्ध किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि 01 अप्रैल 2024 से 16 सितम्बर 2024 तक 710 जगहों में अवैध मदिरा के विक्रय, धारण, निर्माण, संग्रहण, परिवहन एवं अवैध रुप से मद्यपान की सुविधा उपलब्ध कराने तथा सार्वजनिक स्थल पर मदिरापान करने वालों के विरुद्ध सतत अभियान चलाकर कुल 383 अपराधिक प्रकरण कायम किया गया है। जिसमें कुल 435.73 लीटर अवैध शराब, 650 कि.ग्रा. लाहन एवं 01 दोपहिया वाहन जप्त की गई है एवं मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता संचालकों के विरुद्ध कुल 30 विभागीय प्रकरण कायम किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई आबकारी उपनिरीक्षक आशाराम शाक्य, आबकारी उपनिरीक्षक अतुल देवांगन, आबकारी उपनिरीक्षक जागेश्वर सिंह दाऊ एवं आबकारी उपनिरीक्षक रोशन लाल बंजारे द्वारा की गई।

## चारभाठा में दो साल बाद भी पूरा नहीं हो सका कलामंच का

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही

ग्राम पंचायत चारभाठा में विधायक निधि से बन रहा कलामंच ठेकेदार की लापरवाही के कारण पिछले दो वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है।

- ग्रामीणों ने ठेकेदार पर लगाया लापरवाही का आरोप

बता दें कि ग्राम चारभाठा के निवासियों की मांग पर गाँव के हृदय स्थल पर बने कलामंच के जीर्णोद्धार के लिए विधायक कुंवर सिंह निषाद द्वारा दो लाख की राशि स्वीकृत की गई थी। लेकिन, राशि आहरण करने के बाद भी ठेकेदार ने काम पूरा नहीं किया गया है, सिर्फ कालम को खड़ा करके छोड़ दिया है। ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया कि यह कला मंच गाँव के बीच में स्थित है। यहां पर विभिन्न प्रकार के आयोजन गाँव वालों द्वारा किया जाता, लेकिन कलामंच अधूरा होने के कारण कोई भी कार्यक्रम गाँव में नहीं हो पा रहा है। श्री साहू ने बताया कि ग्राम समिति एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ठेकेदार को काम पूरा करने के लिए कई बार कहा जा चुका है, लेकिन व काम हो जाएगा कहकर टाल देता है। ग्रामीणों ने कलामंच का निर्माण शीघ्र पूर्ण कराने की मांग की है।



**30 सितंबर के पहले सभी निर्माणाधीन आवासों को पूर्ण करने के दिए निर्देश**

# जिपं सीईओ डॉ कन्नौजे ने किया पीएम आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ संजय कन्नौजे ने गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम डुंडेरा एवं कमरौद के प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत चल रहे कार्यों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान सीईओ डॉ. कन्नौजे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही सेतलाल, हरिश्चंद, देवेन्द्र निषाद, कुंजलाल पटेल तथा अन्य ग्राम पंचायतों के हितग्राहियो के आवास पर पहुंचे। उन्होंने आवास निर्माण के मटेरियल, राजमिस्त्री, बैंक आदि की जानकारी ली व समस्याओं के निपटान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने 30 सितंबर के पूर्व समस्त निर्माणाधीन आवासों को शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉ. कन्नौजे ने योजना अन्तर्गत जनपद पंचायत के अमलों को वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु प्रदाय लक्ष्य के विरूद्ध में प्रथम किस्त अंतरित लाभार्थियों का ग्राम पंचायतवार, क्लस्टरवार उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित कर संबंधितों को पीएम आवास से संबंधित संपूर्ण जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास योजना के शेष रह गए पात्र हितग्राहियों को आवास का लाभ प्रदान किये जाने हेतु आवास प्लस की सूची में शामिल करने संबंधी सर्वे का कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा कराने के निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी ने गुण्डरदेही विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत धनगांव में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने वजन त्यौहार कार्यक्रम के तहत बच्चों के वजन, ऊँचाई एवं पोषण संबंधी संपूर्ण जानकारी भी ली। इस दौरान गुण्डरदेही विकासखण्ड के पीएम श्री स्कूल का औचक निरीक्षण कर पहली एवं दूसरी कक्षा के बच्चों से गिनती एवं सामान्य जानकारी पूछा तथा संबंधित शिक्षकों को सभी बच्चों पर ध्यान देकर अच्छे से पढ़ाई कराने के भी निर्देश दिये। सीईओ डॉ. कन्नौजे ने विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी से गुण्डरदेही विकासखण्ड के अंतर्गत स्कूल मरम्मत के कार्यों की समीक्षा कर समस्त कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।



### दस जुआरियों से 61260 जब्त

**भिलाई।** जुआ खेल रहे जुआरियों को पुलिस ने दबिश देकर 10 को गिरफ्तार किया है। घटना कोतवाली दुर्ग थाना क्षेत्र का है।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# सनौद में किया गया रक्तदान स्वास्थ्य परीक्षण व पौधारोपण

**गुरूर।** ग्राम सनौद में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद के मार्गदर्शन में युवा मोर्चा मंडल के नेतृत्व में सेवा पखवाड़ा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पौधारोपण, महा रक्तदान व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 51 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और लगभग 300 लोगों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत युवा मोर्चा के सदस्यों ने 100 पौधे लगाए और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष पवन साहू, पूर्व विधायक प्रीतम साहू, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, भाजपा नेता यज्ञदत्त शर्मा, राकेश यादव (छोटू), मंडल अध्यक्ष गुरुर कौशल साहू, ईशप्रकाश साहू, नंदकिशोर शर्मा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आदित्य सिंह पिपरे, सेवा पखवाड़ा जिला संयोजक पुष्पेंद्र चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।








### धनेली में युवा राज मिस्त्री मजदूर संघ ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



**गुरूर।** ग्राम धनेली में युवा राज मिस्त्री मजदूर संघ द्वारा विश्वकर्मा जयंती का आयोजन किया गया। दोपहर को मूर्ति स्थापना कर पूजा अर्चना की गई। रात में जय बजरंग रामधुनी मंडली का कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कांकेर दीपक रामटेके थे, अध्यक्षता उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोषण लाल साहू ने की। विशेष अतिथि जीवन सोनवानी, सभापति जनपद पंचायत गुरूर राजश्री यादेश्वर, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत धनेली भोजराज सोनबोईर, ईश्वर लाल सार्वा, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज धनेली हृदय राम सोनवानी, कुशल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष महावीर साहू के साथ ही समिति के अध्यक्ष दिनकर कलिहारी, उपाध्यक्ष खोमन गंगबेर, कोषाध्यक्ष कामता कलिहारी सहित समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### भारत माता सेवार्थ न्यास ने किया रक्तदाताओं का सम्मान



**गुरूर।** भारत माता सेवार्थ न्यास द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्तदाता भूपेंद्र साहू व अन्य रक्त दाताओं को रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पवन साहू, प्रीतम साहू, कृष्णकांत पवार, यज्ञदत्त शर्मा, कौशल साहू, हरिकृष्ण गंजीर, ईशाप्रकाश साहू, नंदकिशोर शर्मा, आदित्य सिंह पिपरे, पुष्पेंद चंद्राकर के साथ ही आरएसएस के स्वयंसेवक, ग्रामीण भाजयुमो मंडल गुरूर जिला बालोद के पदाधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

### जामगांव(आर) में हुईं विविध प्रतियोगिताएं



**जामगांव आर।** ग्राम पंचायत जामगांव(आर) में स्वामी आत्मानंद स्कूल में क्लस्टर स्तरीय स्वच्छता ही सेवा एवं महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पिट्ठुल, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, बिल्लास, फुगड़ी सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद सीईओ मुकेश कोठारी, अतिरिक्त सीईओ श्वेता यादव, मनरेगा से डालिमलता नाग, जनप्रतिनिधि नरेश केला, अंगेश्वर साहू, मेघनाथ सगरवंशी, अशोक साहू, रूपेंद्र शुक्ला, रश्मि राजपूत संयोजिका, पूर्णिमा ठाकुर, किशोर साहू, जनपद सदस्य खिलेश यादव, सरपंच राजकुमार ठाकुर, पंच उषा महलवार के साथ ही बिहान की दीदियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### कोडिया में लोहार समाज ने की भगवान विश्वकर्मा की पूजा



**अंडा।** ग्राम कोडिया में झेरिया लोहार समाज द्वारा विश्वकर्मा पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रेमलाल विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष नारायण विश्वकर्मा, टेकराम विश्वकर्मा, सरपंच प्रमिला साहू उपसरपंच पुष्पा साहू, भाजपा कार्यकर्ता सुरेंद्र निर्मलकर, पूर्व सरपंच राकेश साहू, महिला अध्यक्ष भारतीय विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### सेवा पखवाड़ा के तहत रजोली में हुए विविध कार्यक्रम



**बालोद/कलंगपुर।** सेवा पखवाड़ा के तहत ज़िला संयोजक पुष्पेन्द्र चंद्राकर के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर ग्राम रजोली में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्री चंद्राकर नेतृत्व में युवा साथियों ने रजोली स्थित मंदिर परिसर की साफ सफाई कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस अवसर पर गाँव के वृद्ध जनों को फल वितरण भी किया गया। इस दौरान दयाराम सिन्हा, देवनारायण सिन्हा, मिलन साहू, त्रयोदय मुकेश, गोविंदा बघेल, वागिश बघेल, चुनेंद्र यादव, पूना लाल साहू, सोनू, वामन, कुलदीप, टिकेंद्र, होमु यादव, राम प्रसाद सिन्हा, लोकेश सिन्हा, डोमन साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

